हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 7 मई 2025

राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

06 दो घटनाओं में दो युवकों की मौत, एक फैक्ट्री में...



07 जिले में हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 72.38 और हायर सेकंड्री का...



## समाचार संक्षेप

### 77 साल से ज्यादा हो गए लेकिन झारेड़ा पंचायत भवन आज भी नहीं बना

**चाचौड़ा।** 77 साल से ज़्यादा हो गए, लेकिन इस गाँव के लोग अब भी एक पंचायत भवन के छांव को तरस रहे हैं। मीटिंग के लिए निश्चित स्थान नहीं हे यह हमारा दुर्भाग्य है। देश को आज़ाद हुए वर्षों हो गए हैं तब से आज तक हमारे गाँव में एक पंचायत भवन नहीं बना। हमने कई बार अधिकारियों से गुहार लगाई, आवेदन दिए, लेकिन हर बार सिर्फ़ वादे मिले... काम नही हुआ। ग्रामीण युवक फूल सिंह और ब्रजमोहन मेर का कहना है हर बार चुनावों में पंचायत भवन का मुद्दा होता है, पर फिर सब भूल जाते हैं। गाँव की मीटिंग कभी पेड़ के नीचे, कभी स्कूल में करनी पड़ती है।ग्रामीण महिला रामप्यारी बाई का कहना है बारिश के दिनों में तो मीटिंग करना भी मुश्किल हो जाता है। हमें भी अपनी बात कहने का अधिकार है, लेकिन कोई ठिकाना ही नहीं है।पंचायत भवन कब बनेगा। राधेश्याम शर्मा झारेडा पंचायत सरपंच प्रतिनिधि हम चाहते हैं कि अब सरकार हमारी आवाज़ सुने। पंचायत भवन सिर्फ़ एक इमारत नहीं, ये गाँव का आत्मसम्मान है। क्या अब भी इस आज़ाद देश में कुछ गाँव विकास के लिए इंतज़ार करते रहेंगे? ये सवाल है, सिर्फ़ एक गाँव का नहीं... पूरे तंत्र का। गिरिराज दुबे का जनपद पंचायत चाचौड़ा मैंने पंचायत की बैठक बुलाई है आपके द्वारा झारेड़ा पंचायत का मामला मेरे संज्ञान में आया है झारेड़ा पंचायत में भवन नहीं है सरपंच से बात कर समस्या को हल किया जाएगा।

### परिवहन विभाग ने बसों पर की 12 हजार की चालानी कार्रवाई



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एवं विभाग की टीम द्वारा गुना शहर में दो खम्बा तिराहे पर मंगलवार को चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान में 25 यात्री बस चैक की गई जिनमें से 15 यात्री बसों पर ओवरलोड एवं अन्य कमियां पाई जाने पर 12,000 रुपये जुर्माने के रुप में वसूल किया गया। साथ ही एक ट्रक RJ 32 GA 9356 बिना परमिट होने पर ट्रक को जप्त कर परिवहन कार्यालय में रखा गया। परिवहन की टीम में चैकपॉइन्ट प्रभारी संतोष सिंह तोमर, विवेक दुबे आरक्षक ध्रुव कुमार मीना, ब्रजेन्द्र उपाध्याय, सोनू ओझा, नितिन शर्मा, चंदन अहिरवार एवं शिवेन्द्र रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को वितरित की खेल सामग्री

**गुना।** संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के मार्गदर्शन में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर वर्ष 2025 का आयोजन जिला स्तर पर बास्केटवॉल, हॉकी, जूडो, फुटवॉल क्रिकेट एवं विकासखंड मुख्यालय पर वॉलीवॉल, एथलेटिक्स, कबडडी, खो-खो, फुटवॉल आदि खेलो में दिनांक 20 अप्रैल से 19 मई 2025 तक किया जा रहा है। संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती शर्मिला डाबर द्वारा दिनांक 05 मई 2025 की सायंकाल संजय गांधी खेल परिसर में बास्केटवॉल, हॉकी, क्रिकेट, जूडो, क्रिकेट खेलों के शिविरों का निरीक्षण किया गया तथा खिलाडियों को बास्केटवॉल, हॉकी एवं क्रिकेट खेल की खेल सामग्री का वितरण किया गया। श्रीमती डाबर द्वारा खिलाडियों को संबोधित करते हुये कहा कि एक स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मन का निवास होता है और खेलों से हम अपने शरीर को स्वस्थ्य रख सकते है। आजकल बच्चे खेल मैदानों पर न जाकर मोबाईल में व्यस्त रहते है जो कि बच्चो के लिये अच्छा नहीं है। खेल अधिकारी द्वारा बच्चों से अपील की गई कि वह मन लगाकर अपने-अपने खेलों में प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा अपने प्रशिक्षक द्वारा दिये जा रहे निर्देशों का पूर्णतः पालन कर प्रशिक्षण लेवें। इस अवसर पर श्रीमती शर्मिला डाबर के साथ दुर्गेश चंद सक्सैना, सुनीता कंवर अतुल कुमार शर्मा एवं विभिन्न खेल मैदानों पर प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षक भी उपस्थित रहे।

# राजस्थान से आ रही बारातियों से भरी बस खेत में जा पलटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना





जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में दो यात्री बस दुर्घटना हो गईं, जिसमें दर्जनों यात्री घायल हुए हैं। मंगलवार को दोपहर।चाचौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीनागंज के पास टोडी बायपास पर महाराष्ट्र के पुणे से नेपाल जा रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे बस में सवार 15 यात्री घायल हो गए। एसके पूर्व जिले के धरनावदा थाना अंतर्गत राजस्थान को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर एक बारातियों से भरी बस के दुर्घटना ग्रस्त हुई है।

इस हादसे में एक दर्जन से अधिक बाराती घायल बताए गए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया कलेक्टर किशोर कुमार कान्याल ने अस्पताल पहुंचकर उनका हाल-चाल जाना और उन्हें उपचार सहोलियत प्रदान की। मिली जानकारी के मुताबिक राजस्थान के छबड़ा से विगत दिवस बारात बस द्वारा शिवपुरी जिले में गई थी।सुबह बारात लौट रही थी।

इसी दौरान धरनावदा के आगे पार्वती नदी के पास बस अनियंत्रित होकर एक खेत में उतर गई। इस हादसे में जहां बस क्रमांक एमपी-33-पी-1175 का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बस में सवार करीब 15 बारातियों को चोट आई हैं। बताया गया है ड्राइवर ने मोड़ पर अचानक ब्रेक लगा दिया जिससे यह हादसा हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस सहित स्थानीय लोग एकत्रित हुए और बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला एवं घायलों को उपचार के लिए भेजा गया। कुछ घायल निजी अस्पताल में भी उपचार करा रहे हैं।


उधर जिले के चाचौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीनागंज के पास टोडी बायपास पर मंगलवार को एक बड़ा सडक़ हादसा हो गया। महाराष्ट्र के पुणे से नेपाल जा रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे बस में सवार 15 यात्री घायल हो गए। इनमें से 5 यात्रियों की हालत गंभीर बताई है। प्रत्यक्षदर्शियों और यात्रियों के अनुसार, बस चालक ने हाईवे पर एक वाहन को तेज गति से ओवरटेक करने का प्रयास किया, जिससे बस संतुलन खो बैठी और सडक़ किनारे पलट गई। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को तत्काल बीनागंज के स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। बस में सवार अधिकांश यात्री नेपाल निवासी हैं, जो महाराष्ट्र के पुणे से अपने घर लौट रहे थे।

हादसे के कारण यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोगों को मामूली चोटें भी आईं। प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर दूसरी बस का इंतजाम कराया, जिससे अन्य यात्रियों को उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

### हायर सेकंडरी व हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित

# हाई स्कूल की राज्य स्तरीय मैरिट सूची में 2 छात्रों ने बनाया स्थान





हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले का हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी परीक्षा परिणाम 2025 वर्ष 2024 की तुलना में बेहतर रहा। गत वर्ष की तुलना में हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में 16 प्रतिशत की वृद्धि होकर 72.28 रहा तथा हायर सैकेण्ड्री परीक्षा परिणाम में 6 प्रतिशत की वृद्धि होकर 75.46 प्रतिशत रहा।

इस बार हाई स्कूल की राज्य स्तरीय मैरिट सूची में 2 छात्र अपना स्थान बनाने में सफल रहे। जिसमें शासकीय नवीन मॉडल उ.मा.वि. राघौगढ़ के शैलेन्द्र धाकड़ पुत्र मनोज धाकड़ ने 493 अंक प्राप्त कर 8वां स्थान एवं अशासकीय रॉयल पब्लिक हायर सेकण्डरी स्कूल बमोरी छात्रा पूर्णिमा अडावकर 491 अंक प्राप्त कर 10वां स्थान प्राप्त किया है। इस बार कक्षा 12वीं में किसी छात्र द्वारा राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त नहीं किया।

जिले की हाईस्कूल प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान पर शिवांगी पब्लिक स्कूल गुना की छात्रा कु. भूमिका पटेरिया ने 490 अंक प्राप्त किये तथा द्वितीय स्थान पर विजय धाकड़ नवीन मॉडल उ. मा. वि. राघौगढ़ के द्वारा 489 अंक प्राप्त किये तथा तृतीय स्थान पर शैजल पटवा राष्ट्रवर्धन हाई स्कूल राघौगढ़ ने 488 अंक, आशुतोष रघुवंशी शा.उटक्ट उ.मा.वि. आरोन ने 488 अंक, अनीता राठौर न्यू सन राईज कॉन्वेंट हायर सैकेण्ड्री स्कूल बीनागज 488 अंक, शिखा लोधा मॉडर्न चिल्ड्रन स्कूल गुना 488 अंक प्राप्त किये।

जिले की हायर सैकेण्ड्री प्रावीण्य सूची में गणित संकाय में कु. राधिका कुशवाह शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. गुना ने 475 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर आशुतोष प्रजापति शा. संदीपनी विद्यालय मॉडल विकास गुना ने 472 अक प्राप्त किये तथा तृतीय स्थान पर दीपक केवट शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. गुना के द्वारा 470 अंक प्राप्त किये गये। गणित संकाय में शासकीय उत्कृष्ट उ. मा. वि. गुना के दो छात्रों ने जिले की सूची में स्थान प्राप्त किया।जीव विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान पर कु. मारवी जैन सोनाली पब्लिक हायर सैकेण्ड्री स्कूल गुना ने 470 अंक प्राप्त किये। वाणिज्य संकाय में कार्तिक जैन प्रसीडेन्सी हायर सैकेण्ड्री स्कूल ने 479 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान साक्षी रघुवंशी न्यू लाईफ चिल्ड्रन हायर सैकेण्ड्री स्कूल गुना ने 476 अंक प्राप्त किये। कृषि संकाय में शानू यादव नवीन विद्या मन्दिर गुना ने 476 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में चंदन बंजारा शा.उ.मा.वि. ऊमरी ने 471 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा पलक अहिरवार शा. महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उ.मा.वि. गुना 470 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रही।शासकीय उत्कृष्ट उ. मा. वि. गुना का परीक्षा परिणाम जिले में सर्वाधिक रहा।

कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत एवं कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम 99.40 प्रतिशत रहा एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गुना कक्षा 12वीं में दर्ज परीक्षार्थी 456 में से 437 परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे जिसमें प्रथम श्रेणी में 415 तथा द्वितीय श्रेणी में 22 छात्रों ने स्थान प्राप्त किये एवं कक्षा 10 में 285 छात्रों में से 283 परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे जिसमें प्रथम श्रेणी में 270 तथा द्वितीय श्रेणी में 12 छात्र-छात्रों ने स्थान प्राप्त किया। जिले के समस्त छात्र-छात्राओं को उक्त उत्कृष्ट उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी सीएस सिसौदिया एवं प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गुना श्री एचएन जाटव एवं विद्यालय परिवार की ओर से और से सभी का हार्दिक बधाईयां प्रदान की गई। तथा सभी के लिये उज्जवल भविष्य की कामनायें की गई।

### प्रधान जिला न्यायाधीश ने नेशनल लोक अदालत के प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी



**गुना।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना अमिताभ मिश्र द्वारा 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर जिला न्यायालय परिसर से रवाना किया गया। मिश्र द्वारा प्रातः 10.30 बजे जिला न्यायालय परिसर से विद्युत विभाग, बैंक एवं नगर पालिका के कचरा वाहनों के द्वारा नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त अवसर पर वंदना त्रिपाठी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि उक्त प्रचार वाहनों द्वारा संपूर्ण गुना जिले की नगरीय सीमाओं, बाजार, गली मोहल्लों मे घर-घर जाकर नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार कर आमजन को नेशनल लोक अदालत मे आपसी राजीनामा कर अपने न्यायालय में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु जागरूक किया जाएगा।

## आज मॉक एक्सरसाइज का किया जाएगा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्रधिकरण (NDMA) भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आज आपदा प्रबंधन के तहत वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से औद्योगिक आपदा विषय पर राज्य स्तरीय टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। जिसमें मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भोपाल के प्रशिक्षकों तथा अधिकारियों द्वारा औद्योगिक आपदा विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। गुना के राघौगढ एनएफएल के सीजीएम सभाकक्ष से व्हीसी में मुख्य महाप्रबंधक विनय कुमार गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया, अनुविभागीय अधिकारी राघौगढ विकास कुमार आनंद,एसडीओपी दीपा डुडबे, नायब तहसीलदार रेणु कासंलीवाल, प्रभारी सीएमएचओ आरआर माथुर, सहायक आपूर्ति अधिकारी तुलेश्वर कुर्रे, हामगार्ड कामंडेट आरके पाथरोल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। व्हीसी का मूल उद्देश्य आपदा के पूर्व तैयारी चेतावनी खोज तथा बचाव कार्य आदि की तैयारियों का जायजा लेना एवं आने वाले कमियों को दूर करने हेतु आवश्यक तैयारियां किये जाने का निर्णय है।

इसी प्रकार बुधवार को दिनांक 07 मई 2025 को मॉक एक्सरसाइज का आयोजन को प्रातः 09:30 बजे से 1:30 बजे तक औद्योगिक क्षेत्र ग्राम पीलूखेड़ी में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम प्लांट पर किया जायेगा। यह मॉक अभ्यास (आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने तथा जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कृपया ध्यान दें कि यह केवल एक प्रशिक्षण प्रक्रिया है, और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

मॉक एक्सरसाइज के सफल आयोजन के लिये कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने विभिन्न जिलाधिकारियों को दायित्व सौपें गये हैं।

## घर वापसी अभियान में सहयोगी लोग परमात्मा से कम नहीं : प्रियंका पेंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

चाचौड़ा विधायक प्रियंका पेंची ने तहसील चाचौड़ा अंतर्गत अलग अलग स्थानों पर मिले बंधुआ श्रमिकों को मुक्त करवाए जाने की कार्यवाही को प्रशासन शीघ्रता किया। विधायक ने अच्छे से इलाज करवाना, दैनिक क्रियाओं में उपयोगी वस्तुओं को प्रदान करने सहित उन्हें सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाने हेतु प्रशासन को निर्देशित किया। विधायक प्रियंका पेंची ने श्रमिकों से वीडियो कॉल पर फोन के माध्यम से बात की एवं उन्हें चिकित्सीय सहायता उपरांत उनके घर सुरक्षित पहुंचवाने के लिए आश्वस्त किया।




उन्होंने श्रमिकों से बात करते हुए कहा कि कई वर्षों से बेवजह एवं दबंगों के दबाव में आप सभी को जिन समस्याओं का मानसिक एवं शारीरिक रूप से जो प्रताड़नाएं मिली होंगी। व्यक्ति के जीवन में परिवार का बहुत बड़ा महत्व होता है।किंतु आप सभी को इस घर वापसी अभियान₹ के तहत बीनागंज पुलिस चौकी प्रांगण में आयोजित शिविर के माध्यम से 46 बंधुआ मजदूर (विक्षिप्त श्रमिक) को प्रशासन की मदद से ₹अपना घर₹ शिवपुरी भेजा गया। सभी श्रमिकों के घर परिवार की तलाश उपरांत उन्हें उनके घर तक पहुंचाया जाएगा। इस कार्य में सहयोगी सभी प्रशासनिक अधिकारी एवं कार्यकर्ता बंधुओं को विधायक प्रियंक पेची ने बधाई दी। सभी जनप्रतिनिधि, समाज सेवकों, जन सामान्य, सभी अधिकारी कर्मचारियों से विशेष आग्रह किया कि घर वापसी अभियान में अधिक से अधिक विक्षिप्त श्रमिकों को पहुंचवाने के लिए प्रयास करें। साथ ही विधायक प्रियंका पेची ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को इस प्रकार की कार्यवाही को जारी रखने की बात कही l एक बिछड़े हुए परिवार से अपनो को मिलवाने का कार्य प्रशासन ने किया है ।उन्होंने क्षेत्र की जनता से भी अपील की है कि इस प्रकार किसी भी गांव, घर, मोहल्ले, या कहीं भी किसी श्रमिक को बंधुआ बनाकर उनसे कार्य करवाया जाता है तो उसकी सूचना तुरंत मेरे कार्यालय या क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारी को देवे। जिससे हम सभी के सहयोग से कोई भी व्यक्ति अपने परिवार से दूर न रहे। समाज सेवी के सहयोग से बंधुआ मजदूर रैकेट का भंडा फोड़ हुआ है। क्षेत्र में सभी के सहयोग से यह संभव हो पाया है। साथ ही उन्होंने इस कार्यवाही में सहयोगी रूप से भूमिका निभाने वाले शासन,प्रशासन सहित क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी आमजनों की समस्याएं, अधिकारियों को निराकरण के दिए निर्देश

# समग्र आईडी, राशनकार्ड सहित कब्जा दिलाने के आए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिला कलेक्ट्रेट में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा विभिन्न नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को जाना एवं उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस दौरान नागरिकों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 215 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे, डिप्टी कलेकटर जिया फातिमा, सुश्री मंजुषा खत्री सहित विभिन्न जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे। जनसुनवाई कक्ष में जनसुनवाई के दौरान इस कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आवेदकों से चर्चा कर उनसे संबंधित समस्याओं के आवेदन लिए, साथ ही उनके समुचित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान समग्र आइडी, राशन कार्ड, पेंशन, कब्जा दिलाने, नामांतरण एवं विद्युत संबंधी विभिन्न मुद्दों पर नागरिकों द्वारा अपने आवेदन दिए गए। इस दौरान विभिन्न आवेदकों द्वारा अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। जिनके निर्धारित समयावधि में निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

### बजरंगगढ़ थाना पुलिस ने मारपीट के एक प्रकरण में लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी किया गिरफ्तार

**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में विभिन्न अपराधों एवं वारंटों में फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु एक अभियान के रूप में कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं प्रभारी सीएसपी गुना भरत नोटिया के पर्यवेक्षण में जिले के बजरंगगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रूहिल शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा मारपीट के एक प्रकरण में न्यायालयीन कार्यवाही से लंबे समय से फरार चल रहा स्थाई वारंटी गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी रमेश उर्फ रेमू पुत्र तेरसिंह भील निवासी ग्राम निर्भयगढ़ थाना बजरंगगढ़ जिला गुना के द्वारा वर्ष 2019 में मारपीट की एक घटना को लेकर जिसके विरूद्ध बजरंगगढ़ थाने में अप.क्र. 36/19 धारा 323, 294, 506, 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज हुआ था। उक्त प्रकरण में आरोपी के न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार रहने पर जिसकी गिरफ्तारी हेतु न्यायालय गुना से न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 629/19 में स्थाई वारंट जारी हुआ था। पुलिस द्वारा वारंटी रमेश भील की निरंतर तलाश की गई और जिसकी तलाश के क्रम में आज मुखबिर से प्राप्त सूचना पर बजरंगगढ़ थाना पुलिस द्वारा त्वरित व प्रभावी कार्यवाही कर प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी रमेश उर्फ रेमू पुत्र तेरसिंह भील उम्र 45 साल निवासी ग्राम निर्भयगढ़ थाना बजरंगगढ़ जिला गुना को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। बजरंगगढ़ थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रूहिल शर्मा, प्रधान आरक्षक ओमकांत खटीक, प्रधान आरक्षक दिलीप कलावत, प्रधान आरक्षक राजेश शुक्ला, प्रधान आरक्षक संदीप खटीक, आरक्षक महेश बंजारा एवं आरक्षक अभयराज की सराहनीय भूमिका रही है।

दोनों मामलों में पुलिस ने जांच की शुरू

# दो घटनाओं में दो युवकों की मौत, एक फैक्ट्री में झुलसा तो दूसरे की संदिग्ध हालात में गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



सोमवार को जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई। एक घटना फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम ढोलबाज में सामने आई, जहां एक निजी डीपी फैक्ट्री में कार्यरत युवक की करंट लगने से मौत हो गई, जबकि दूसरी घटना म्याना थाना क्षेत्र के ग्राम नसीरा की है, जहां ससुराल में रह रहे युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में दम तोड़ दिया। दोनों मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना फतेहगढ़ के ढोलबाज गांव स्थित कृष्णा पावर डीपी फैक्ट्री की है। यहां 42 वर्षीय प्रकाश लोधा रोज की तरह बेल्डिंग का कार्य कर रहे थे। अचानक काम के दौरान वे तेज करंट की चपेट में आ गए। साथियों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक प्रकाश लोधा नयागांव थाना क्षेत्र के निवासी थे और कोमल लोधा के पुत्र थे। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। हादसे के बाद फैक्ट्री में काम रोक दिया गया और पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। यह पता लगाया जा रहा है कि सुरक्षा उपकरणों की कमी या लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ या नहीं।वहीं दूसरी ओर म्याना थाना क्षेत्र के ग्राम नसीरा में 28 वर्षीय विष्णु सहारिया की मौत ने सबको स्तब्ध कर दिया है। बदरवास तहसील के गरगटू गांव निवासी विष्णु अपनी ससुराल नसीरा में करीब चार माह से रह रहा था और साले की आगामी शादी की तैयारियों में व्यस्त था। बीती शाम अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रारंभिक जांच में युवक द्वारा जहरीला पदार्थ सेवन किए जाने की बात सामने आई है, लेकिन मृतक के पिता कमल सिंह ने इस मौत को संदिग्ध बताया है। उनका कहना है कि विष्णु की मौत सामान्य नहीं है और इसमें किसी गहरी साजिश की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामला जांच में ले लिया है। दोनों ही घटनाओं ने जिलेवासियों को झकझोर कर रख दिया है और परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं। पुलिस द्वारा दोनों मामलों की विस्तृत जांच की जा रही है।

## संगीतमय श्री श्याम कथा के माध्यम से खाटू नरेश की महिमा को जन-जन तक पहुंचाएंगे : पं.अवधेश

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़



राजस्थान की धरा खाटू में विराजमान हारे के सहारे के नाम से विख्यात बाबा श्याम ने नाम से यूँ तो भजन संध्या, श्याम दरबार जैसे अनेकों धार्मिक आयोजनों के माध्यम के बाबा की महिमा भक्तों तक पहुँच रही है। इसी क्रम में जिले के कथावाचक पं. अवधेश व्यास ने संकल्प लिया कि वो अब संगीतमय श्री श्याम कथा के माध्यम से बाबा के भक्तों को आनंद प्रदान करेंगे एवं भक्तों को बाबा के अनेकों अनसुने रहस्य सुंदर चरित्र सुनाकर श्याम महिमा घर-घर तक पहुंचाने का अथक प्रयास करेंगे।गौरतलब है कि पँ. अवधेश व्यास वर्तमान मैं श्रीमद्भागवत कथा, रामकथा एवं सनातन संस्कृति जागरूकता के प्रति सिर्फ गुना या मध्यप्रदेश ही नहीं अपितु भारतवर्ष के साथ साथ नेपाल जैसे देशों मैं भी अपनी वाणी से श्रद्धालुओं को लाभांवित कर रहे हैं। पँ.अवधेश व्यास ने बताया कि शीघ्र ही वह रींगस से खाटू श्याम जी तक पैदल यात्रा कर बाबा को निशान अर्पण कर हाजिरी लगायेंगे इसके बाद श्री श्याम कथा की यात्रा प्रारंभ करेंगे। श्याम कथा हेतु पँ. अवधेश व्यास ने संकल्प किया कि बाबा के प्रति अपना समर्पण करते हुए प्रथम 21 कथा निःशुल्क करेंगे एवं जन जन तक बाबा की महिमा पहुँचायेंगे।

## नानाखेड़ी मंडी में बोली के विवाद पर घंटों ठप रही डाक, किसानों में नाराजग़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



नानाखेड़ी कृषि उपज मंडी में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक बोली विवाद ने तूल पकड़ लिया और मंडी की डाक लगभग तीन घंटे तक पूरी तरह ठप हो गई। इस दौरान सैकड़ों किसान मंडी परिसर में फंसे रहे और अपनी उपज बेचने के लिए भटकते नजर आए। पूरा मामला सोमवार को उकावद गांव से आए किसान कुलदीप रघुवंशी की फसल की बोली को लेकर शुरू हुआ।

किसान का आरोप है कि उसने अपने गेहूं की जो बोली लगाई थी, वह 2470 रुपये प्रति क्विंटल थी, लेकिन मंडी के बोली कर्मी ने बाद में उसे 2455 रुपये की पर्ची थमाने की कोशिश की। जब किसान ने इस पर आपत्ति जताई और पुरजोर विरोध किया तो न सिर्फ उसकी बात अनसुनी की गई, बल्कि विवाद को बढ़ा दिया गया।किसान कुलदीप रघुवंशी के अनुसार जब उसने कर्मचारी को दोबारा बुलाकर सही बोली की पर्ची देने को कहा, तो संबंधित व्यापारी को बुलाया गया, जिसने भी 2455 रुपये की बोली ही बताई। जब किसान ने विरोध किया तो मंडी कर्मचारियों ने कथित रूप से गाली-गलौज शुरू कर दी और डाक बंद करवा दी। इस घटनाक्रम के बाद किसान मंडी कार्यालय पहुंचा, लेकिन वहां भी उसे फसल लेने से मना कर दिया गया। विवाद के चलते मंडी की डाक सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर करीब 2 बजे तक पूरी तरह बंद रही। इस दौरान सैकड़ों किसान जो पहले से अपनी फसल लेकर मंडी में उपस्थित थे, उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। न तो उनकी उपज की तौल हो पाई, न ही बोली लग सकी। कई किसान फसल की ढुलाई में हुए खर्च को लेकर चिंता में दिखे। मंडी में मौजूद अन्य किसानों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं, लेकिन प्रशासन या मंडी समिति की ओर से सख्त कार्रवाई नहीं की जाती। बोली और भुगतान में पारदर्शिता की मांग करते हुए किसानों ने यह भी चेतावनी दी कि यदि ऐसे विवादों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो वे मंडी परिसर में विरोध प्रदर्शन करेंगे।

फिलहाल मंडी प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन मंडी में बोली और भुगतान की प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए हैं।

### संक्षेप समाचार

#### तेज रफ्तार बनी जानलेवा, मृगवास में युवक की मौत, राघौगढ़ और बमोरी में दो लोग घायल

**गुना।** जिले के मृगवास थाना क्षेत्र में सोमवार को हुए एक दर्दनाक सडक़ हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वहीं, राघौगढ़ और बमोरी थाना क्षेत्रों में दो अन्य सडक़ दुर्घटनाओं में दो लोग घायल हुए हैं। तीनों मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सबसे गंभीर हादसा मृगवास थाना अंतर्गत बटावदा रोड ग्राम चक के पास हुआ, जहां मोटरसाइकिल सवार तखत सिंह भील निवासी ग्राम भानपुरा, की सडक़ हादसे में मृत्यु हो गई। मृतक के भाई बनेसिंह भील ने पुलिस को बताया कि तखत सिंह 4 मई को दोपहर करीब 3 बजे पल्ली पिसाने के लिए मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 08-8413 से बटावदा जा रहा था। तभी सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 08-2096 के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तखत सिंह के मुंह में गंभीर चोट आई और वह मौके पर ही बेहोश हो गया। परिजन उसे तत्काल सीएचसी कुंभराज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(ए) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।वहीं राघौगढ़ थाना क्षेत्र में बिहार के मोतीहारी निवासी गौतम पांडे अपनी किया सोनेट कार क्रमांक जीजे 06-7247 से बड़ोदरा से बिहार लौट रहे थे। जब वे ग्राम आवन और जेपी कॉलेज के बीच एबी रोड पर पहुंचे, तब एक बुलेरो कार क्रमांक आरजे 28-6984 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सामने से टक्कर मार दी। हादसे में फरियादी गौतम के दाहिने हाथ में चोट आई, जबकि परिवार के अन्य सदस्य बाल-बाल बच गए। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्राथमिक इलाज के बाद उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर लिया है। तीसरी घटना बमोरी थाना अंतर्गत डिमरपुरा रोड पर स्टेडियम के पास हुई। ग्राम कंनाटा निवासी पप्पू सहरिया अपने साथी परेस पटेलिया के साथ बाइक से विवाह समारोह में जा रहे थे। रास्ते में एक अज्ञात बाइक चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में पप्पू सहरिया के दाहिने पैर में चोट आई, जबकि परेस पटेलिया को गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा। राहगीरों की मदद से दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। तीनों दुर्घटनाओं में पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

#### धरनावदा क्षेत्र में बच्चों के विवाद को लेकर मारपीट, युवक और उसकी पत्नी घायल

**गुना।** जिले कमे धरनावदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गादेर में बच्चों के आपसी खेल को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झगड़े में तब्दील हो गया। इस घटना में एक युवक और उसकी पत्नी को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरियादी राहुल सेहरिया निवासी ग्राम गादेर ने थाना चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी बेटी वंदना पड़ोसी गौराबाई के घर के पास बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान बच्चों में आपसी कहासुनी हो गई, जिस पर राहुल ने अपनी बेटी को डांटा और बच्चों को वहां से हटा दिया। राहुल का आरोप है कि इसी बात पर नाराज होकर पड़ोस में रहने वाली गौराबाई सेहरिया और अंजली सेहरिया ने उसे मां-बहन की गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। जब राहुल ने गाली देने से रोका और कहा कि वह तो अपनी बच्ची को डांट रहा था, तभी दोनों महिलाओं ने उस पर लाठियों से हमला कर दिया। मारपीट में राहुल के सिर पर गंभीर चोट लगी जिससे खून बहने लगा, वहीं उसकी पीठ पर भी अंदरूनी चोटें आईं। इस दौरान राहुल की पत्नी कृष्णाबाई बीच-बचाव करने पहुंची तो आरोपितों ने उसकी भी पिटाई कर दी। उसे भी बाईं कनपटी में चोट आई है। पुलिस ने राहुल की शिकायत के आधार पर गौराबाई सेहरिया और अंजली सेहरिया के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।

## भगवान तो लीला करने मनुष्य रूप धारण करते हैं : महाराज



**ईसागढ़।** भगवान श्रीराम साक्षात परब्रह्म ईश्वर है वह मनुष्य नहीं है। भगवान तो लीला करने के लिए मनुष्य रूप धारण करते हैं एवं भक्तों की इच्छा पूर्ण करके अपने धाम के लिए चले जाते यह प्रवचन शाडोरा के समीप ग्राम कुंदोरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता बृजभूषण महाराज ने दिए और उन्हें बताया कि जो भगवान श्रीराम को मनुष्य मानते हैं ऐसे लोगों के मुख को देख करके स्नान करना चाहिए क्योंकि वह भगवान श्री राम की महिमा को ना जानते हैं ना पहचानते हैं एवं उनकी व्याख्या उनकी तुलना एक साधारण मनुष्य से करके अपने आप को पतित करते है ऐसे लोग देश के लिए खतरा है।

सनातन संस्कृति के दुश्मन है जो भगवान श्री राम की निंदा करते हैं भगवान श्री कृष्ण कि निंदा करते हैं ऐसे लोगों को त्याग देना चाहिए जो आपके समक्ष रहकर के आपके पास में रहकर के हमारे सनातन धर्म की निंदा करते हैं एवं बुराई करते हैं ऐसे लोगों से किसी प्रकार का व्यवहार या किसी प्रकार के दोस्ती नहीं रखना चाहिए आचार्य जी ने कथा के पंचम दिवस पर सुंदर श्री गोवर्धन पूजन करवाई और कहा कि गौ माता की रक्षा करना प्रत्येक मनुष्य का धर्म है गौ से ही यह समस्त संसार जीवित है एवं गौ माता के नष्ट हो जाने पर यह संसार नष्ट हो जाएगा गौ माता के भीतर 33 कोटि देवता विराजमान रहते हैं एवं गौ माता के भीतर ऐसी शक्तियां विराजमान है जिससे कि पुनः मनुष्य के सृष्टि हो सकती है परंतु आज गौ माता की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा जिससे गौ माता दर -दर भटक रही है इसके दुष्परिणाम हमको भविष्य में देखने को अवश्य मिलेंगे इसलिए गौ की रक्षा करें एवं गौ पालन अवश्य करें कथा प्रसंग में आचार्य जी ने सुंदर भगवान की बाल लीलाओं का दर्शन करवाया और बताया कि भगवान समय पर अपने भक्तों को प्रसन्न करने के लिए बाल लीलाएं करते हैं एवं नाना प्रकार की लीला करके अपने भक्तों को प्रसन्न रखते हैं इस कथा का आयोजन 2 मई से 9 मई तक किया जाएगा कथा के मुख्य यजमान सोनू सिंह रघुवंशी हैं।

## एडीआर सेंटर में विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



जिला न्यायाधीश राकेश कुमार पाटीदार,सचिव एवं न्यायाधीश मनीष अनुरागी एवं गौरी सक्सेना न्यायाधीश कि उपस्थिति में ए.डी.आर. सेन्टर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का अयोजन किया गया। आयोजन जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वाधान मे बी.एस.डब्लु, एम.एस.डब्येून के छात्र-छात्राओं साथ हुआ।

उपस्थित वक्ताओं ने निःशुल्क सहायता, नेशनल लोक अदालत, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण कि विभिन्न योजनाओं एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवाओं से अवगत कराया। जिसमें बताया कि गरीब एवं वंचित लोगो के लिए किस प्रकार न्याय विभाग कार्य करता है एवं किस प्रकार वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, तहसील विधिक सेवा समिति से लाभ प्राप्त कर सकते है, साथ ही पैरालीगल वॉलंटियर, पैनल लॉयर एवं लीगल एंड डिफेंस सिस्टम के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गई एवं उनकी कार्य प्रणाली के बारे में भी बताया गया ।

विधिक सक्षारता एवं जागरूकता शिविर में जल का महत्व भी बताया गया और उपस्थित सभी लागों ने जल को बचाने कि प्रतिज्ञा ली और पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया, जन अभियान द्वारा जल संरक्षण ,पर्यावरण संरक्षण एवं पंच-ज जन,जंगल, जमीन, जानवर एवं जल के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सतत रूप से किया जा रहा है जिससे पंच-ज का संरक्षण किया जा सके। जिसमें जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक मनोज यादव, परामर्शदाता रचना गुप्ता, बलवीर यादव, रानी शर्मा सहित 30 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे कार्यक्रम के अंत में विकासखंड समन्वयक श्री मनोज यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत जल संरक्षित करने के लिए जल-शपथ दिलाई गई।

### आज 33/11 केवीअशोकनगर उपकेन्द्र अंतर्गत रखरखाव कार्य के लिए विद्युत प्रदाय रहेगा बाधित

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहा.प्रबंधक ने बताया कि 07 मई को 33/11 केव्ही अशोकनगर उपकेन्द्र से निकलने वाले फीडर पर अतिआवश्यक रखरखाव कार्य किया जाएगा। जिससे 11 केव्ही फीडर ईसागढ रोड से राजमाता चैराहा, जेल रोड, ईसागढ रोड, तिरूपति कॉलोनी, सूर्यनगर कॉलोनी क्षेत्रों का विद्युत प्रदाय प्रात 08.30 से दोपहर 01.30 बजे तक विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा। विद्युत प्रदाय बंद या चालू करने का समय आवश्यकतानुसार घटाया-बढ़ाया जा सकता है।

## जिला रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक आयोजित



**अशोकनगर।** कलेक्टर की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की जिला स्तरीय बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में चेयरमेन दीपक मिश्रा द्वारा सभी सदस्यों का परिचय कराया गया। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि समाजसेवा के लिए रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्य अनुकरणीय हैं। सभी के सहयोग से रेडक्रॉस को मजबूत बनाएंगे। रेडक्रॉस सप्ताह अंतर्गत 08 मई से 14 मई तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाए। रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ डी.के.भार्गव द्वारा रेडक्रॉस सप्ताह अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि 8 मई को शासकीय अस्पताल के आसपास सफाई अभियान चलाया जायेगा। 9 मई को वृद्धआश्रम में स्वास्थ्य शिविर एवं फल वितरण,10 मई को यातायात सुरक्षा के तहत मंडी कृषि मंडी में ट्राली में रेडियम पट्टी लगाई जाएगी, 11 मई को शासकीय अस्पताल में नेत्र परीक्षण शिविर,12 मई को नशा मुक्ति, स्वच्छता रैली,13 मई को गोराघाट आदिवासी बस्ती में स्वास्थ्य सेवा शिविर आयोजित कर गर्भवती किशोरी बालिकाओं की जांच की जाएगी।14 मई को पॉलिटेक्निक ने कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित किया जायेगा। समापन कार्यक्रम के दौरान विशेष प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर को जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा स्मृति चिन्ह पट्टिका भेंट कर सम्मान किया। बैठक में रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. जयमंडल सिंह यादव, संजय रघुवंशी, राजीव जाट, वाइस चेयरमैन डॉ हरवीर रघुवंशी, कोषाध्यक्ष विपिन सिघंई, नारायण प्रसाद शर्मा, हरबंस जुनेजा, विजय जैन धुर्रा, दिनेश जैन ,रामकुमार चैधरी, विकास जैन बल्ली, वेदराम लोधी, अशोक शर्मा, महेश शर्मा,बालचंद, नरवरिया, डॉ राजकुमार शर्मा, डॉ आनंद मोहन दुबे, रामकुमार ओझा उपस्थित रहे।

जाम से साढ़े तीन घंटे तक थमे रहे श्योपुर कोटा हाईवे पर वाहनों के पहिए

# बस्ती में लगी शराब की दुकान हटाने को लेकर फिर लगा जाम, लिखित आश्वासन पर माने लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭श्योपुर



बंजारा डैम के ऊपर हसनपुर हवेली बस्ती में शराब की दुकान लगाने को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन के बीच बस्तीवासियों द्वारा जाम लगा देने से श्योपुर कोटा हाईवे पर करीब साढ़े तीन घंटे तक वाहनों के पहिए थमे रहे। इस दौरान यात्रियों, सरकारी कर्मचारियों सहित दुकानदारों के भी पर जाम में फंस जाने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ी। सुबह 10:30 बजे लगा जाम दोपहर 2:00 बजे आबकारी विभाग द्वारा लिखित आश्वासन के बाद ही खुल सका।

करीब एक माह पूर्व शराब ठेकेदार ने देसी शराब की दुकान क्रमांक 1 को मछली मार्केट से शिफ्ट कर हसनपुर हवेली में लगा दिया था तब से ही बस्तीवासी इस दुकान को बस्ती में लगाने का विरोध करते आ रहे हैं। इससे पहले बस्ती वासियों ने दुकान पर पहुंच कर खूब हंगामा किया बाद में ठेकेदार और आबकारी विभाग ने बस्ती वासियों को के सामने दुकान का शटर लगाकर उन्हें दूसरी जगह दुकान शिफ्ट करने की बात कह कर मना लिया। इसी को लेकर बस्ती वासियों ने विधायक बाबू जंडेल के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर अर्पित वर्मा को ज्ञापन सौपा था जिन्होंने भी बस्ती वासियों का आश्वासन दिया था कि उनकी मर्जी के बगैर जबरदस्ती दुकान संचालित नहीं की जाएगी। लेकिन दुकान का संचालन बंद नहीं होने से दूसरे दिन फिर बस्ती वासियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क पर आंदोलन करते हुए जाम लगा दिया इस जाम के बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम ने बस्ती वासियों को तीन दिन के भीतर दुकान दूसरी जगह शिफ्ट कर लेने का आश्वासन दिया था लेकिन आश्वासन को करीब एक माह गुजरने के बाद भी दुकान नहीं हटने पर मंगलवार को वार्ड वासियों ने फिर सड़क पर झाड़ लगाकर जाम लगा दिया और जोरदार प्रदर्शन कर डाला मौके पर पहुंचे एसडीम बीएस श्रीवास्तव, एसडीओपी राजीव गुप्ता और पुलिस फोर्स के समझाने के बाद भी बस्ती वासी जाम हटाने को राजी नहीं हुए बस्ती वासियों की मांग थी कि शराब की दुकान तत्काल हटाई जाए एसडीएम के निर्देश पर मौके पर पहुंचे आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा दुकान को सप्ताह भर के भीतर दूसरी जगह शिफ्ट कर लेने का लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद ही जाम हटाया। इस दौरान विधायक बाबू जंडेल, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा सहित कई कांग्रेसी भी प्रदर्शन स्थल पर पहुंच गए जिन्होंने प्रशासन से जनहित में उक्त स्थान से दुकान हटाने की मांग की।

### शाढ़ौरा में भी छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया



**शाढ़ौरा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किये गये है जिसमें शाढ़ौरा के छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। शाढ़ौरा मे लगभग 80 प्रतिशत छात्र सफल हुए है कक्षा 12 मे उत्कृष्ट हायर सेकंडरी स्कूल की छात्रा गुड़यि पुत्री सोनू अहिरवार ने 92.2 प्रतिशत अंक के साथ एंव कक्षा 10 मे द्रोपदी पब्लिक स्कूल की छात्रा कुमारी स्नेहा पुत्री दिलीप रधुंवशी ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाढ़ौरा टापर बनने का गौरव हासिल किया।

**खबर संक्षेप**

## विवाह के बीच छात्राएं परीक्षा देने पहुंच रही

**ईसागढ़।** मध्य प्रदेश के शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में बी.ए. तृतीय वर्ष की परीक्षा के दिन एक प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। कुछ छात्राएं, जो उसी दिन विवाह बंधन में बंधने जा रही थीं, ने शादी की रस्मों के साथ अपनी परीक्षा देने का दृढ़ निश्चय किया। पारंपरिक रीति-रिवाजों को निभाने के बाद, वे सीधे परीक्षा केंद्र पहुँचीं, जहाँ उनकी आँखों में आत्मविश्वास और शिक्षा के प्रति अटूट समर्पण स्पष्ट था। स्थानीय समुदाय और परिवारजनों ने इस उल्लेखनीय घटना को देखा और इन छात्राओं की सराहना की। महाविद्यालय के प्राचार्य 'जयदीप रैकवार' ने छात्राओं के इस प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि यह शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और आत्मनिर्भरता को दर्शाता है। डॉ जवाहर लाल उन्होंने कहा, हमारे समाज में बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है, और यह घटना इस सकारात्मक बदलाव का सजीव उदाहरण है। इस प्रेरणादायक घटना ने पूरे क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाई और यह संदेश दिया कि शिक्षा किसी भी परिस्थिति में प्राथमिकता होनी चाहिए। इस बीच, दूल्हा कॉलेज के बाहर गाड़ी में इंतजार करता रहा, जब तक कि छात्राएँ अपनी परीक्षा पूरी कर बाहर नहीं आईं। यह नजारा न केवल परिवारों के लिए, बल्कि पूरे समुदाय के लिए चर्चा का विषय बन गया। महाविद्यालय स्टाफ डॉ. संध्या मटसेनिया, डॉ. विवेक पांडे और सहायक केंद्राध्यक्ष डॉ.जे.पी. सिंह' ने भी छात्राओं के इस अनुकरणीय प्रयास की सराहना की।

## भूखंडों के आवंटन के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 मई तक

**अशोकनगर ।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मप्र शासन द्वारा अशोकनगर जिले में स्थित विभागीय औद्योगिक क्षेत्र पलकाटोरी तहसील अशोकनगर में रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु 1 मई से 15 मई तक एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट आमंत्रित किए गए है। उक्त प्रक्रिया विभागीय पोर्टल पर संपादित की जाएगी। प्रक्रिया अंतर्गत प्रत्येक भूखंड हेतु आवेदन शुल्क रु 5000 होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रब्याजी की 25 प्रतिशत अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी। भूखंडों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। नियम, प्रक्रिया एवं भूखंडो आदि की विस्तृत जानकारी विभाग की बेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।

### जिले में से एक भी छात्र प्रदेश की टॉपर सूची में नहीं, छात्राएं अव्वल रहीं

# जिले में हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 72.38 और हायर सेकंड्री का परीक्षा परिणाम 71.85 प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल और हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। जिले से एक भी छात्र-छात्रा ने प्रदेश की टॉपर सूची में अपना नाम दर्ज नहीं कराया है। जिले में हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 72.38 रहा और हायर सेकेण्ड्री का परीक्षा परिणाम 71.85 प्रतिशत रहा। गतवर्ष 2024 में कक्षा 12वी का परीक्षा परिणाम 67.92 प्रतिशत रहा था वहीं कक्षा 10वी का परीक्षा परिणाम 49.73 प्रतिशत रहा था। प्रदेश में अशोकनगर जिले की रेंकिग परीक्षा परिणाम के मामले में 41वे स्थान पर है। इस बार भी छात्राओं की संख्या का प्रतिशत 76.66 और छात्रों का प्रतिशत 68.33 प्रतिशत रहा है।

### कौशल यादव जिले की टॉपर सूची में प्रथम स्थान पर रहीं

माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा के घोषित किए गये परिणाम में जिले की टॉप सूची में 6 छात्र-छात्रओं ने स्थान बनाया है। जिसमें पहले स्थान पर कौशल यादव पुत्री नरेश यादव स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल रहे जिन्होनें 500 में से 490 अंक प्राप्त किए हैं। इसी प्रकार दूसरे स्थान पर मॉ कान्वेट स्कूल मुंगावली की छात्रा वैष्णवी सिकरवार पुत्री भूपेन्द्र सिंह सिकरवार रहीं उन्हें 500 में से 488 अंक प्राप्त हुए इसी प्रकार दूसरे नम्बर पर ही यतिका जैन पुत्री अमित जैन संस्कृति हाई स्कूल अशोकनगर रहीं उन्हें में 500 में से 488 अंक मिले। दूसरे नम्बर पर ही अमित जाटव पुत्र रामलाल जाटव स्वामी विवेकांदन हाई सेकेन्ड्री स्कूल रहे जिन्हे 500 में से 488 अंक प्राप्त हुए। तीसरे नम्बर पर नैना यादव पुत्री ओमप्रकाश यादव दीक्षा पब्लिक स्कूल रहीं जिन्हें 500 में 487 अंक प्राप्त हुए और तीसरे स्थान पर ही सौरभ प्रजापति पुत्र शिवकुमार हायर सेकेन्ड्री स्कूल तूमैन रहे जिन्हे 500 में से 487 अंक मिले। इस तरह जिले की टॉपर सूची में पहले स्थान पर एक छात्र के बाद दूसरे स्थान पर 3 और तीसरे स्थान पर 2 छात्र-छात्राएं रहे। 6 छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद हायर सेकेन्ड्री स्कूल के दो छात्रों ने बाजी मारी।

### राव माधव स्कूल का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा














नगर के निजी विद्यालय राव माधव हायर सेकेंडरी स्कूल अशोकनगर के सत्र 2024-25 का माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा । कक्षा 12वी में चेतन शर्मा पुत्र वंशीलाल शर्मा गणित संकाय से 83.8 प्रतिशत से प्रथम स्थान, सरिता अहिरवार पुत्री विष्णु अहिरवार एग्रीकल्चर संकाय से 83.4 प्रतिशत से द्वितीय स्थान, सलोनी रघुवंशी पुत्रीकृष्णवीर रघुवंशी बायोलॉजी संकाय से 82.8 प्रतिशित से एवं किरण अहिरवार पुत्री मनोज अहिरवार एग्रीकल्चर संकाय से 82.8 प्रतिशत से तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एवं कक्षा दसवीं में काजल शर्मा पुत्री संजय शर्मा 82 प्रतिशत से प्रथम स्थान, पलक रजक पुत्री राजेश रजक 81.8 प्रतिशत से द्वितीय स्थान, प्रिंसी जाट पुत्री सुरेंद्र जाट 77 प्रतिशत से तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय की छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया जिस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य राघवेंद्र सिंह रघुवंशी, शिक्षिका मुस्कान हुसैन, नेहा खरे, अमरदीप सिंह सिद्धू, राखी कुशवाहा, राहुल रघुवंशी, राखी सेन ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की ।

### स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल व हायर सेकंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट


विद्यालय से कक्षा 10 वी में 96 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 94 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये। कक्षा 12वी में 51 परीक्षार्थी सम्मिलित हुये जिनमें से 44 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये। कक्षा 10वी में कौशल यादव 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान पर है। इसी क्रम में 97.6 प्रतिशत अंको के साथ अमित जाटव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दीक्षा यादव 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 12 वी में छात्रा सृष्टि शर्मा एवं छात्र भरत रघुवंशी ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये एवं विद्यालय की सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा सुहानी शर्मा 89.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर एवं छात्रा भूमिका रघुवंशी 86.4 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं।

**जिले की 10 की टॉपर सूची में धन्य साहू कला संकाय से प्रथम स्थान पर रहे**

माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हायर सेकेन्ड्री बोर्ड परीक्षा में जिले की टॉपर सूची में कला संकाय से धन्य साहू शासकीय मॉडल स्कूल मुंगावली 500 में से 473 अंक मिले इसी प्रकार दूसरे क्रम पर कला संकाय से नंदनी नायक संस्कार अकादमी स्कूल अशोकनगर को 500 में से 470 अंक मिले। गणित संकाय में उत्कृष्ट उच्चर माध्यमिक विद्यालय घुरव नामदेव को 500 में से 475 अंक और निकिता यादव को शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ईसागढ़ को 475 अंक, निधि राजा वुंदेला गुरूकुल अकादमी चंदेरी को गणित संकाय में 500 मे से 471 अंक और अमूल्य शर्मा शासकीय मॉडल उच्चतर माधियमिक विद्यालय चंदेरी को जीवविज्ञान में 470 अंक प्राप्त हुए। अंशिका जैन शासकीय माध्यमिक विद्यालय चंदेरी को जीव विज्ञान में 470 अंक मिले, नंदनी रघुवंशी प्राईवेट मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को वाणिज्य में 469 अंक मिले,विजय लोधी उत्कृष्ठ उच्चतर विद्यालय मुंगावली को वाणिज्य में 466 अंक, और दिलीप केवट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कदवाया को कृषि में 458 अंक प्राप्त हुए। इस तरह यह सभी छात्र जिले की टॉपर सूची में रहे।

### आईपीएस अकादमी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा





ईसागढ़ की संस्था आई.पी.एस. अकादमी हा. से. स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस सफलता के लिए संस्था की प्राचार्या आशिमा बड़कुल ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं स्कूल के शिक्षकगणों द्वारा की गई मेहनत की भूरी भूरी प्रशंसा की । संस्था द्वारा कक्षा 10वीं में 90: प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाले 18 विद्यार्थी रहे, इनमें सर्वाधिक योगेश शर्मा एवं अंजली लोधी ने 96: प्रतिशत अंक प्राप्त किये। वहीं कक्षा 12वीं में 90 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाले 4 विद्यार्थी रहे। सर्वाधिक हिमांशी राठौर ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

### हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षा में छात्राएं अव्वल रहीं

माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल परीक्षा में अशोकनगर जिले से 9489 परीक्षार्थी शामिल होना थे जिसमें से 9446 परीक्षार्थी शामिल हुए जिनमे छात्र 4846 और छात्राएं 4600 शामिल रहीं। कुल पास 6837 रहे और 2608 फैल रहे कुल जिले में परीक्षा परिणाम 72.38प्रतिशत रहा। इसी प्रकार जिले में प्राईवेट 1767 परीक्षार्थी शामिल हुए जिनमें 1021 छात्र और 743 छात्राएं शामिल रहीं। जिनमें कुल पास 251 हुए और फेल 1513 रहे। प्राइवेट हाई स्कूल परीक्षा का परिणाम जिले में 14.22 प्रतिशत रहा।

### उत्कृष्ट विद्यालय का परीक्षा परिणाम यह रहा

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य बीके बामोरिया ने बताया कि कक्षा 10 में 220 छात्रों में से 194 उत्त्रीण रहे परीक्षा परिणाम 88.18 रहा जबकि हायर सेकेण्डी बोर्ड परीक्षा में 474 छात्र-छात्राओं में से 392 उत्त्रीण रहे परीक्षा का परिणाम 82.7 प्रतिशत रहा।

# 'शिक्षा का दान सबसे बड़ा दान होता है, शिक्षक बच्चों का भविष्य बनाते हैं'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शिक्षा का दान सबसे बड़ा दान होता है। शिक्षक बच्चों का भविष्य बनाते हैं। शिक्षक की जिम्मेदारी शिक्षा के प्रति काफी महत्वपूर्ण होती है। शिक्षक अपनी महती भूमिका का निर्वहन कर जिम्मेदारी निभाएं। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि स्कूलों में जिले में कोई भी पात्र बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे। सभी बच्चों की अपर आईडी शत प्रतिशत बनें यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही चैपाल लगाकर इस कार्य को गति दी जाए। शिक्षा विभाग से संबंधित वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त होने वाले पत्रों पर समय सीमा में कार्यवाही की जाए। उन्होंने स्कूलों में बटने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि 15 जून से शालाएं प्रारंभ होगी। शालाओं के सफल संचालन के लिए अभी से कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने बच्चों को पुस्तकों का वितरण तथा गणवेश की राशि के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में निर्माण कार्यो की प्रगति ,छात्रवृति, अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण,अतिथि शिक्षक तथा न्यायालयीन प्रकरण, प्रथम चरण में स्वीकृत सीएम राइज स्कूल, शाला सुदृढ़ीकरण, स्मार्ट क्लास, अधोसंरचना निर्माण के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

### 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में वृद्धि होने पर कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा मंगलवार को हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम जारी किया गया है। जारी परीक्षा परिणाम के तहत जिले की कक्षा 10वीं में 72.38 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं 71.85 प्रतिशत रहा। यह परीक्षा परिणाम वर्ष 2024 के परिणाम की तुलना में अधिक रहा। परीक्षा परिणाम के प्रतिशत में वृद्धि होने पर कलेक्टर आदित्य सिंह ने शिक्षा विभाग सहित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, जिला शिक्षा अधिकारी नीरज शुक्ला,समस्त बीईओ, बीआरसी एवं संबंधित उपस्थित रहे।



# 'मजदूरों को आपने अधिकारों व कर्तव्य से अवगत होना चाहिए'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में इंदिरा पार्क अशोकनगर में मजदूर सप्ताह के उपलक्ष्य में जिला प्राधिकरण, श्रम विभाग, नगर पालिका के समन्वय से विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर में जिला न्यायाधीश प्रकाश केरकेट्टा न्यायाधीश सोनल गुप्ता जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा लेवर अधिकारी सुरभि रघुवंशी एवं लेवर इंस्पेक्टर प्रवेश गुप्ता आदि ने मजदूर सप्ताह पर वक्तव्य दिये। जिला न्यायाधीश केरकेट्टा ने मजदूरो से चर्चा कि ओर बताया कि मजदूर को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। साथ ही श्रम विभाग एवं नगर पालिका द्वारा बनाये जाने वाले संबल कार्ड, बो.ओ.सी.डब्लु. (भवन निर्मण एवं संन निर्मण कार्ड) आदि को बानवाया जाना चाहिए जिससे कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ ले सके।

न्यायाधीश सोनम गुप्ता ने मजदूरो को उनके अधिकार एवं बंधुआ मजदूरी के ऊपर उदबोधन दिया और निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी प्रदान कि। श्रम अधिकारी सुरभि रघुवंशी ने प्रमुखता से श्रमोदाय विद्यालय प्रवेश पात्रता एवं प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी उन्होने बताया कि भवन निर्मण में कार्यरत श्रमिको के बच्चो को श्रमोदय विद्यालय पूर्णता आरक्षित है जिसमें केवल भवन निर्मण में कार्यरत श्रमिको के बच्चो को हि प्रवेश दिया जाता है साथ हि श्रम अधिकारी ने कहा कि अशोकनगर क्षेत्र का कोटा अभी भरा जाना है श्रम विभाग से श्रम इंस्पेक्टर प्रवेश गुप्ता ने म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल (श्रम विभाग) द्वारा श्रमिक पंजीयन एवं संचालित योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी दी।

# जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुनने का तरीका बदला नजर आया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शासन के निर्देशानुसार जिले में सुशासन के तहत आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों का निराकरण कराये जाने के उद्देश्य से सभी अधिकारी प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई में उपस्थित रहकर आवेदनों का निराकरण करें। जिससे आने वाले आवेदकों की समस्याएं एवं शिकायतों का निराकरण तत्परता से हो सकें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में नवीन व्यवस्थाी के तहत आवेदकों की जनसुनवाई करते हुए उपस्थित जिला अधिकारियों कोदिए। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारियों की बैठक व्यावस्था के तहत टेबिल के समक्ष नेमप्लेट लगवाई गई है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन जिस विभाग से संबंधित है। उस आवेदन को संबंधित विभागीय अधिकारी के समक्ष सुनवाई हेतु भेजा गया। तत्पश्चात कलेक्टर के समक्ष आवेदक की सुनवाई की जाकर निराकरण कराया गया। आवेदकों द्वारा प्राप्त आवेदनों का इंद्राज मौके पर ही ऑनलाईन पोर्टल पर दर्ज कराया गया।

कलेक्टरर ने कहा कि आवेदनों का त्वरित निराकरण करना जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य है। अधिकारी सकारात्मक सोच के साथ आवेदकों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण त्वरित करें। आवेदकों को अपनी समस्यामओं तथा शिकायतों के निराकरण के लिए भटकना न पड़े यह सुनिश्चित किया जाए। आवेदनों पर गंभीरता के साथ सुनवाई कर निराकरण करायें।

### जनसुनवाई में विभिन्न समस्यामूलक 173 आवेदन आए

जनसुनवाई में आवेदकों से विभिन्नम समस्यामूलक 173 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। जनसुनवाई में ग्राम रमपुरा निवासी रामवल कुशवाह द्वारा गन्नू की फसल में आग लग जाने के कारण मुआवला राशि दिलाये जाने,ग्राम कर्राटांका निवासी सखी बाई द्वारा भूमि का बटबारा कराये जाने,ग्राम रतवास निवासी गजराम सिंह यादव द्वारा खेत पर पाईप लाईन डलवाये जाने,ग्राम खजुरिया निवासी भगिरा अहिरवार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्माजन निधि की किश्त दिलाये जाने,ग्राम पिपरोल निवासी जशोदा बाई द्वारा पट्टा एवं आवास दिलाये जाने,ग्राम कद्वाया निवासी रामसिंह यादव भूमि का सीमांकन कराये जाने,ग्राम कदवाया निवासी गोविंद परिहार द्वारा प्रधानमंत्री आवास की किश्त दिलाये जाने,ग्राम खिरिया निवासी चुन्नीलाल अहिरवार द्वारा प्रधानमंत्री आवास हेतु भूखण्डा उपलब्धय कराये जाने, अशोकनगर निवासी मैना कुरैशी द्वारा जातिप्रमाण पत्र बनवाये जाने, शाढौरा निवासी जमुनालाल अहिरवार द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने,ग्राम गर्रोली निवासी जशरथ द्वारा सीमांकन कराए जाने सहित अन्यन आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदन का निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### कक्षा 12वीं का 69.43 प्रतिशत व कक्षा 10वीं का 76.97 फीसदी रहा परीक्षा परिणाम

# एमपी बोर्ड रिजल्टः जिले के 6 विद्यार्थियों ने प्रदेश प्रावीण्य सूची में पाया स्थान














हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा- राजगढ़

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मंगलवार को घोषित कक्षा 12वीं और कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में जिले ने गत वर्ष से बेहतर प्रदर्शन किया है। इस साल कक्षा बारहवीं में जिले का परीक्षा परिणाम जहां 69.43 प्रतिशत रहा वहीं कक्षा दसवीं का परिणाम 76.97 प्रतिशत रहा है। जबकि, पिछले साल कक्षा बारहवीं का परिणाम 62.42 एवं कक्षा दसवीं का परिणाम 58.55 फीसदी रहा था। इसे जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि भी कहा जाएगा जो दोनों कक्षाओं को मिलाकर कुल छह विद्यार्थियों ने प्रादेषिक मेरिट सूची में स्थान पाया है। कक्षा 12वीं की स्टेट लेवल मेरिट सूची में ब्यावरा पब्लिक स्कूल की छात्रा कुमारी भावना शिवहरे पिता रामकरण ने कला संकाय में नवां स्थान पाया है। भावना ने 500 में से 481 अंक लाते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

### यह हैं प्रदेश भर में जिले का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थी

इसी तरह कक्षा दसवीं में जिले के विभिन्न स्कूलों के पांच विद्यार्थी स्टेट लेवल मेरिट सूची में शामिल हुए हैं। इनमें शा स्कूल बावडी खेडा तलेन कि प्रिया धनगर ने 495/500 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 6वां स्थान प्राप्त सिस्टर निवेदिता स्कूल ब्यावरा की गरिमा यादव ने 493/500 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 8वां स्थान बनाया, देवव्रत अकादमी नरसिंहगढ की श्री पालीवाल ने 493/500 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 8वां स्थान प्राप्त किया, मानस हायर सेकेन्ड्री स्कूल ब्यावरा के .केशव पंवार ने 492/500 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 9वां स्थान बनाया एवं मास्टर माइंड अकादमी तलेन की कुमारी मेघा राजपूत ने 492/500 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 9वां स्थान बनाकर प्रदेशभर में जिले का नाम रोशन किया है।

### हायर सेकंडरी का यह रहा परीक्षा परिणाम

हायर सेकन्ड्री कक्षा 12वीं में इस साल जिले से कुल 13348 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। इनमें से 9267 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए वहीं 4070 विद्यार्थियों को निराषा का सामना करना पड़ा। कक्षा 12वीं में जिले के 6609 विद्यार्थी प्रथम, 2650 विद्यार्थी द्वितीय एवं 8 विद्यार्थी तृतीय श्रैणी में उत्तीर्ण हुए। इस तरह कक्षा 12वीं में जिले का कुल परीक्षा परिणाम 69.43 प्रतिशत रहा है। अगर 12वीं में छात्र-छात्राओं के अलग-अलग परिणामों की बात करें तो कुल दर्ज परीक्षार्थियों में 74.17 प्रतिशत छात्राएं एवं 65.22 प्रतिशत छात्र इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। इस तरह छात्राओं का पलड़ा एक बार फिर से भारी रहा है।

### हाईस्कूल का इतना रहा परीक्षा परिणाम

हाईस्कूल में इस साल जिले से कुल 17916 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिनमें से 13789 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए वहीं 4124 विद्यार्थियों परीक्षा में फेल हो गए। कक्षा 10वीं में जिले के 10532 विद्यार्थी प्रथम, 3244 विद्यार्थी द्वितीय एवं 13 विद्यार्थी तृतीय श्रैणी में उत्तीर्ण हुए। इस तरह जिले का कुल परीक्षा परिणाम 76.97 प्रतिशत रहा है। हाईस्कूल में उत्तीर्ण छात्राओं का प्रतिशत जहां 80.09 फीसदी रहा वहीं 74.10 फीसदी छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस परीक्षा में भी छात्राओं ने छात्रों से बेहतर प्रदर्षन किया।

### 10वीं की जिला स्तरीय मेरिट सूची के टॉप विद्यार्थी (प्राप्तांक 500 में से)

| विद्यार्थी का नाम | स्कूल | प्राप्तांक | जिले में स्थान |
|---|---|---|---|
| योगेश पिता मांगीलाल बैरागी | मां सरस्वति एकेडमी, जीरापुर | 488 | प्रथम |
| राजकुमार पिता गोपालदास मालवीय | शा. हाईस्कूल, मऊ | 487 | द्वितीय |
| संदीप पिता पप्पूलाल लववंशी | केसी कान्वेंट, ब्यावरा | 487 | द्वितीय |
| आशा पिता शिवराज नागर | मास्टर टेलेन्ट कान्वेंट, पटाड़ियाधाकड़ | 487 | द्वितीय |
| अनुराधा पिता कृष्णगोपाल शर्मा | होली एन्जेल्स स्कूल, कुरावर | 487 | द्वितीय |
| हर्षिता पिता चंद्रसिंह कुशवाह | शेफील्ड पब्लिक स्कूल, राजगढ़ | 486 | तृतीय |
| आनंद पिता मुकेश राठौर | साईं एजुकेयरन एकेडमी, नरसिंहगढ़ | 486 | तृतीय |

### 12वीं की जिला स्तरीय मेरिट सूची के टॉप विद्यार्थी

| विद्यार्थी का नाम | स्कूल | संकाय |
|---|---|---|
| मनीषा पुत्री दौलतराम गुर्जर | मानस स्कूल, ब्यावरा | कला |
| उमा पुत्री ओमप्रकाश सेन | शा. हाईस्कूल, उदनखेड़ी | कला |
| आशीष पिता मुरलीधर कारपेंटर | शा. मॉडल स्कूल, जीरापुर | विज्ञान |
| आदित्य पिता रामस्वरूप भरथरे | शा. बालक हाईस्कूल, ब्यावरा | विज्ञान |
| सुमित पिता रायसिंह नागर | एकलव्य स्कूल पीपलीदेव उदनखेड़ी | विज्ञान |
| शीतल पिता राजू कुषवाह | मानस स्कूल, ब्यावरा | विज्ञान |
| आरती पिता राजनारायण यादव | कन्या उमावि, ब्यावरा | विज्ञान |
| प्रियांशी पिता अवशेध चंद्रावत | होली एन्जेल स्कूल, कुरावर | कामर्स |
| मनस्वी पिता आनंद गुप्ता | रॉयल हाईट्स, जीरापुर | कामर्स |
| रेणुका पिता भगवान सिंह सिसोदिया | मास्टर माइंड स्कूल तेलन | कृषि |

### संदीपनि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का उत्कृष्ट रहा परिणाम

*सुठालिया। संदीपनि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुठालिया का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 98: रहा। 131 छात्राओं में से 128 छात्राएं उत्तीर्ण हुई। जिसमें 82 छात्राएं प्रथम श्रेणी में ,37 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में और 9 छात्राएं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुई। कक्षा 10वीं में सबसे अधिक अंक कुमारी लक्ष्मी शर्मा ने 96.6 (483/500) प्राप्त किए। कक्षा 12वीं साइंस का रिजल्ट 100: रहा। 12वीं साइंस में सबसे अधिक अंक कुमारी लक्ष्मी अहिरवार ने 85.8 प्रतिशत प्राप्त किए। 12वीं आर्ट्स का रिजल्ट 70: रहा। 12वीं आर्ट्स में सर्वाधिक अंक कुमारी अनुष्का विश्वकर्मा ने 87 (438/500) प्राप्त किए। संकुल एवं संस्था प्राचार्य दिनेश कुमार धनगर के मार्गदर्शन में सभी विषय एवं स्टाफ सदस्यों की मेहनत और सतत तैयारी से यह परीक्षा परिणाम संभव हो पाया है! इस परीक्षा परिणाम पर संकुल प्राचार्य दिनेश कुमार धनगर द्वारा सभी स्टाफ सदस्यों का आभार व्यक्त किया एवं छात्राओं को बधाई दी।*

### ब्लड बैंक यूनिट में ब्लड की कमी के चलते उठाया कदम

## एसपी कार्यालय में आयोजित शिविर में 75 सेवाभावियों ने किया रक्तदान





**राजगढ़।** राजगढ़ जिला अस्पताल की ब्लड बैंक यूनिट में काफी समय से रक्त की कमी बनी हुई है। करीब 6000 यूनिट क्षमता वाले ब्लड बैंक में विभिन्न ग्रुप्स का सिर्फ 20 यूनिट के करीब ब्लड ही शेष बचा था। जबकि, थेलेसीमिया पीड़ित बच्चों को रोजाना ब्लड की आवष्यकता होती है। इसके साथ ही इमरजेंसी के अन्य केसेज में भी मरीजों को खासी परेषानियों का सामना करना पड़ता है। इसी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. आदित्य मिश्रा द्वारा मंगलवार दोपहर अपने कार्यालय परिसर में ही रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया गया। इस दौरान जिला अस्पताल की ब्लड कलेक्शन एवं ट्रांसपोर्टेशन वैन को मौके पर ही बुलवा लिया गया। इस विषेष वाहन में रक्तदान एवं ब्लड स्टोरेज की समस्त सुविधाएं मौजूद हैं। सुबह से लेकर शाम तक आयोजित हुए इस षिविर में पुलिसकर्मियों के साथ ही विभिन्न गणमान्यजनों, समाजसेवियों, रक्तदाताओं व अन्य ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। देर शाम तक आयोजित हुए षिविर में लगभग 75 लोग रक्तदान कर चुके थे।

### जनसुनवाई में आए आवेदकों ने भी किया रक्तदान

हर मंगलवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन भी होता है। ऐसे में जनसुनवाई में आए विभिन्न आवेदकों द्वारा भी इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता सुनिष्चित करते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया गया। इसके साथ ही विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों ने भी शिविर में पहुंचकर रक्तदान किया।

## पदोन्नति के साथ हुए स्थानांतरण पर दी भावभीनी विदाई



**राजगढ़।** गत दिवस वित्त विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार जिला कोषालय सह जिला पेंशन अधिकारी आर.एल. गोलिया को पदोन्नत करते हुए उन्हें नगरीय प्रशासन भोपाल में संयुक्त संचालक बनाया गया है। गोलिया की पदोन्नति उपरान्त मंगलवार को कलेक्टर डॉ. गिरीष मिश्रा द्वारा उन्हें रिलीव कर दिया गया। इस मौके पर विदाई समारोह का आयोजन भी किया गया जहां कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों ने उन्हें शॉल, श्रीफल भेंट करते हुए भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर उपस्थित संगठनों के पदाधिकारियों ने श्री गोलिया के विगत 10 वर्षों के कार्यकाल में कर्मचारियों एवं पेंषनरों के वेतन निर्धारण, परिवार पेंषन, एरियर भुगतान जैसी समस्याओं के त्वरित निराकरण पर उनकी प्रशंसा की गई। विदाई समारोह में अपर कलेक्टर षिवप्रसाद मंडराह ने निवार्चन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में गोलिया द्वारा दिए गए योगदानों की सराहना की।

## कलेक्टर ने चलित जल सेवा का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा




सोमवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने व्यापार महासंघ द्वारा शुरू की गई चलित प्याऊ का शुभारंभ किया।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा जल कलश की पूजन कर अपने हाथों से जल सेवा की। इस अवसर पर महासंघ के अध्यक्ष मुन्ना भैया जैन ने कहा कि दुनिया में जल सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। पूर्व अध्यक्ष राजेश जैन ने कहा कि हम अपने आप को भाग्यशाली मानते हैं कि भगवान ने हमें यह सेवा का मौका दिया। व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष नीरज चौरसिया ने कलेक्टर का धन्यवाद ज्ञापित किया क्योंकि जल सेवा का प्रकल्प करने के लिए उन्होंने विदिशा व्यापार महासंघ को प्रेरित किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष सुरेश मोतियानी, महामंत्री नवल शास्त्री, संयुक्त मंत्री मनीष अरोरा, कोषाध्यक्ष विश्वनाथ अग्रवाल, समाजसेवी हरिनारायण चौरसिया, देवेन्द्र राठौर, डायरेक्टर राजीव चंदौरिया, महेश सोनी, मनीष जैन, मुकेश जैन, तरुण भंडारी अमित जैन एवं राजकुमार अग्रवाल मौजूद रहे।

### स्वच्छता की दिशा में फूलमाली समाज बागकुआ टंकी के युवाओं की अनुकरणीय पहल

## मुक्तिधाम में बिखरे पड़े कचरे की सफाई पूरा परिसर किया स्वच्छ

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

कार्य कोई भी हो करने से पहले कई बार सोचो, अच्छे कार्य यदि सबकी भलाई के हो तो, थोड़ा भी विलंब किए बिना तत्काल शुरू कर दे। इस आदर्श वाक्य को आत्मसात करते हुए नगर सारंगपुर के मोहल्ला बाग कुआं टंकी फूल माली समाज के युवाओ ने लोगो के लिए प्रेरणा दायक कार्य किया।

उल्लेखनीय की सोमवार को स्वर्गीय जगन्नाथ बावड़ी वाले की धर्मपत्नी, उमराव सिंह पुष्पद की भाभी, दिनेश रूप सिंह की माताजी, ओम पुष्पद पत्रकार एवं राजेश की काकी श्री मति सीताबाई पुष्पद के मंगलवार को अस्थि संचय कार्यक्रम में उपस्थित फूलमाली समाज बागकुआ ने के युवाओ ने बजरंग दल जिला संयोजक निकेश पुष्पद के नेतृत्व में स्वच्छता की दिशा में एक नई पहल शुरू करते हुए मुक्तिधाम प्रांगण की गंदगी कपड़े अन्य अपशिष्ट सामग्री आदि की साफ सफाई की। शवयात्रा में कई लोग जाते तो हैं, किंतु सफाई की ओर ध्यान देना भी हमारी जिम्मेदारी बनती है। निश्चित ही यह एक पुण्य कार्य है। परिसर की स्वच्छता और इस अनुकरणीय पहल की नगर के पर्यावरण प्रेमियों ने प्रशंसा की है और जनमानस से अपील की है यह यु वाओ की पहल अन्य सभी की आदत बने। पर्यावरण प्रेमियों ने यह भी कहा अच्छे कार्यों के लिए समाज हो या संस्था, व्यक्ति विशेष को ही आगे आना पड़ता है। इस दौरान निकेश पुष्पद भगवानदास विशाल प्रवीण करण प्रीत गोपाल समर सहित अनेक युवा शामिल थे।



### आपदा प्रबंधन विषय पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज तैयारी के लिए बैठक संपन्न

## आप रोजगार देने में सक्षम हैं रोजगार दें हम आपको परेशान नहीं करते हैं : विधायक मोहन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर



समीपस्थ उद्योग ग्राम पीलूखेड़ी में मंगलवार को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम, गृह मंत्रालय, भारत सरकार मध्य प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग भोपाल, एवं जिला आपदा प्रबंधन की दोपहर 1 बजे के करीब हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के परिसर में प्रदेश के 6 जिलों में आपदा प्रबंधन विषय पर राज्य स्तरीय मार्क एक्सरसाइज की पूर्व तैयारी हेतु टेबल टॉप एक्सरसाइज की बैठक संपन्न हुई।

जिसमें उपस्थित पीलू खेड़ी औद्योगिक क्षेत्र में कोकोकोला प्राइवेट लिमिटेड, ओसवाल डेनिम, एचपीसीएल, भोपाल ग्लूकोस, विंध्याचल डिस्टलरीज , लैप इंडिया आदि फैक्ट्री प्रबंधन के साथ क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा, एसडीएम सुशील कुमार ने बैठक की जिसमें विधायक मोहन शर्मा ने आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी विषयों को रखा गया संसाधनों की उपलब्धता में सभी फैक्ट्री प्रबंधकों को सह निर्देश दिए गए की वह एक माह के अंदर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस एवं आपातकालीन समय में जो संसाधन सुरक्षा के लिए जरूरी है उनके शीघ्र व्यवस्था करें। साथ ही उन्होंने कहा कि यहां पर औद्योगिक क्षेत्र में आप सब बड़े-बड़े उद्योग फैक्ट्री चल रहे हैं आप स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए सक्षम हैं आप उनको रोजगार दें अन्य औद्योगिक क्षेत्र में जनप्रतिनिधि फैक्ट्री संचालकों को परेशान करते हैं लेकिन हमने आपको परेशान नहीं किया है हमारी सिर्फ यही व्यवस्था है कि आप लोगों के द्वारा स्थानीय लोगों को रोजगार मिले एवं आसपास के क्षेत्र में आपदा प्रबंधन के सभी संसाधन आपके पास उपलब्ध हो जिसका की उपयोग किया जा सके बैठक में मुख्य रूप से नायब तहसीलदार अनाग्रिका कनौजिया, थाना प्रभारी संगीता शर्मा, सीबीएमओ डॉक्टर राजन अहिरवार, डॉक्टर गौरव त्रिपाठी, डॉ नरेश गवली, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ ए.के श्रीवास्तव, नरसिंहगढ़ नगर पालिका सीएमओ अनुराग जैन, कुरावर नगर परिषद के सीएमओ के.वी सिंह, पटवारी अर्पित सक्सेना, रीडर जितेंद्र सिंह राजपूत, रामेश्वर नायक, भूपेंद्र सिंह, भदोरिया रोहित शर्मा आदि उपस्थित थे।

## मेघवाल समाज का विवाह सम्मेलन संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

आदर्श मेघवाल समाज का पांचवा सामूहिक विवाह सम्मेलन नवीन साप्ताहिक घाट बाजार परिसर में आयोजित हुआ। जिसमें 27 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे इसके पूर्व सम्मेलन आयोजनकर्ता समिति द्वारा गांधी बस्ती से शोभायात्रा निकाली गई जो बस स्टैंड, स्वामी विवेकानंद चैराहा, खिलचीपुर नाके से होते हुए सम्मेलन स्थल पर पहुंची उक्त शोभायात्रा में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। नगर में आदर्श मेघवाल समाज का पांचवा सामूहिक विवाह सम्मेलन रविवार को स्थानीय नवीन हाट बाजार मैदान में आयोजित हुआ ।जिसमें 27 जोड़ों ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 7 फेरे लेकर परिणय सूत्र में बंधकर अपने नवदांपत्य जीवन में प्रवेश किया। आयोजनकर्ता समिति द्वारा सम्मेलन में सामाजिक लोगों को सुविधा उपलब्ध कराई गई जहां आयोजनकर्ता समिति द्वारा गठित अलग.अलग टीमों ने व्यवस्थाओं को संभाला।

इस मौकेपर सम्मेलन में राज्य मंत्री गौतम टेटबाल, पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह खींची, सांसद रोडमल नागर, विधायक हजारीलाल दांगी, पूर्व विधायक डॉ रामप्रसाद दांगी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलराम टांक, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कालुसिंह तोमर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, प्रभुलाल सिकरवाल, हेमंत सेठिया प्रांत कार्यवाह, लक्ष्मीनारायण चैहान प्रांत समरसता, संयोजक, उदय सिंह चैहान विभाग संघ चालक, प्रेमसिंह दांगी जिला संघ चालक सहित मेघवाल समाज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भवानी शंकर वर्मा, जिला अध्यक्ष एवं सम्मेलन आयोजनकर्ता समिति अध्यक्ष जगदीश वर्मा, सचिव खेमराज वर्मा, रामप्रसाद वर्मा, शंभू लाल वर्मा आदि सम्मेलन समिति पदाधिकारी सदस्य एवं बड़ी संख्या में मेघवाल समाज बंधु उपस्थित रहे।